देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 214 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
एडल्टरी फिर से घोषित हो अपराध



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 2 दिसंबर 2023



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 10.0° | 67481.19

2 नेतन्याहू ने गाजा में फिर शुरू किया युद्ध
7 रोहित ही होंगे टी20 विश्व कप में कप्तान

# भारत अगले आयोजन के लिए तैयार

## पीएम मोदी ने कार्बन उत्सर्जन 45 फीसदी कम करने पर दिया जोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन सीओपी28 की उच्च–स्तरीय बैठक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्बन उत्सर्जन घटाने और भारत की मेजबानी में आयोजन का प्रस्ताव भी रखा। बता दें कि सीओपी28 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक हो रहा है।

सीओपी28 समिट में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में 45 फीसद की कमी लाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने भारत की मेजबानी में अगला सम्मेलन आयोजित कराने का प्रस्ताव भी रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए सबके हितों की सुरक्षा बहुत जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के बीच हमें सफल होना ही होगा। उन्होंने ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव की भी वकालत की। पीएम मोदी ने कहा कि 2030 तक कार्बन उत्सर्जन घटाने पर तत्परता से काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी देशों को एक–दूसरे का साथ देना चाहिए। पीएम मोदी ने यूएई और भारत के रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों की साझेदारी आने वाले दिनों में अहम भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री ने 21 घंटे के अपने प्रवास के दौरान सात बड़ी बैठकों में भाग लिया। भारत विश्व की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में एक है, जो राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान का लक्ष्य पूरा करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से संबंधित लक्ष्यों को भारत 11 साल पहले ही हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि गैर जीवाश्म इंधन का लक्ष्य भारत समय से पहले ही हासिल कर चुका है।



### 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कॉप 33 सम्मेलन भारत में कराए जाने का प्रस्ताव दिया और कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में सबकी भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत ने इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के उत्तम संतुलन का उदाहरण विश्व के सामने रखा है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद ग्लोबल कार्बन एमिशन में हमारी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन का शेयर बढ़ा कर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि हम 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य की ओर भी बढ़ते रहेंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी को सर्बिया आने का निमंत्रणः** सीओपी–28 के दौरान भारत और सर्बिया संबंधों पर सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने कहा, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। मैंने भारत का दौरा किया और गुजरात गया। मैंने कई साल पहले पीएम मोदी से बात की थी। इस बीच हमारे बीच राष्ट्रपति और भारत के उपराष्ट्रपति सर्बिया गए। हम अपने संबंधों को बहुत अच्छे तरीके से संभाल रहे हैं।

### भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैः श्रीलंका

कॉप–28 शिखर सम्मेलन पर, संयुक्त अरब अमीरात में श्रीलंका के राजदूत उदय इंद्ररत्न ने कहा कि ...यूएई एक बहुत बड़े और महत्वपूर्ण कॉप–28 कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। यह बेहद सफल होने जा रहा है...हमें बहुत खुशी है कि भारत के प्रधानमंत्री और हमारे राष्ट्रपति भी शहर में हैं। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं, वे हमारे महान पड़ोसी हैं। यह साथ रहने का वाकई बहुत अच्छा समय है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने बहरीन के महामहिम राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्वीट कर कहा, बहरीन के महामहिम राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा के साथ सार्थक बातचीत।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस करेंगी रैट माइनर्स होंगे सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। सिलक्यारा टनल हादसे को लेकर राजधानी देहरादून में आयोजित कांग्रेस प्रदेश कमेटी की पत्रकारवार्ता में पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान कहा गया कि पार्टी की ओर से रैट माइनर्स को सम्मानित किया जाएगा। शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि सिलक्यारा टनल रेस्क्यू बड़ी चुनौती थी।

### बीएसएफ का दायरा बढ़ने पर पंजाब को सुको की दो टूक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाए जाने के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने के फैसले से पंजाब पुलिस की शक्तियों पर अतिक्रमण नहीं हुआ है। पंजाब पुलिस से जांच का अधिकार नहीं छीना गया है। पंजाब के महाधिवक्ता इस बैठक में भाग ले सकते हैं।

# उत्तराखंड देश के सर्वाधिक सुरक्षित राज्यों में से एकः सीएम

## दून में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट का हुआ आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। 8–9 दिसंबर को देहरादून में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एक होटल में आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट को संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी इंफ्लुएंसर्स का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में आप सबकी बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड तेजी से एक उभरता हुआ डेस्टिनेशन देश–दुनिया के लोगों के लिए बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां चारधामों से लेकर अनेक देवस्थान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का ज्यादा से ज्यादा फोकस रोजगार सृजन पर है। इसी के मद्देनजर आगामी 8–9 दिसंबर को देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में अभी लगभग एक सप्ताह का समय हैं। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि अपने माध्यम से वे देश–दुनिया में इस आयोजन का प्रचार प्रसार करें ताकि डेस्टिनेशन उत्तराखंड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सब जगह ट्रेंड हो जाए। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग पूरे मनोयोग के साथ यहां आए हैं और शायद यह प्रभु ने ही तय किया होगा कि आप सभी लोग यहां आएं।

उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि इस दुनिया में जो कुछ होता है वह प्रभु की इच्छा से होता है और किसी न किसी माध्यम से हम सब जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप लोग उत्तराखंड की बात, उत्तराखंड की विशेषता को प्रमुखता से रखेंगे।

### निवेश के लिए सर्वाधिक मुफीदः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था के लिहाज से उत्तराखंड देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक है और निवेश के लिए सर्वाधिक मुफीद है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट को लेकर हम देश व विदेश में कई स्थानों पर गए जहां से बहुत अच्छा रिस्पांस इसे लेकर मिला है। अब तक 2 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

# मैंने भी लेखक बनने की कोशिश की लेकिन...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कन्नूर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह लेखकों की तरह बनना चाहते हैं और सच को उसी रूप में रखना चाहते हैं लेकिन इस रास्ते में बहुत सारी दिक्कतें आती हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सच बोलना आसान नहीं है। इससे कई तरह की समस्या पैदा हो जाती हैं। वह केरल के कन्नूर में आयोजित टी पद्मनाभन के प्रियदर्शिनी साहित्य सम्मान समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में उनकी इच्छा एक लेखक की तरह बनने की है।

राहुल गांधी ने कहा. राष्ट्र सच से बनता है। वे लोग झूठ के दम पर राष्ट्र नहीं बना सकते। सच को समय लगता है, इसको धैर्य की जरूरत होती है। लेकिन सच झूठ से कहीं ज्यादा ताकतवर होता है। इसलिए मैं अपने राजनीतिक जीवन में लेखक जैसा बनना चाहता हूं जो कि वहीं लिखे जो वह अनुभव करता है। इससे कई समस्याएं भी पैदा होंगी। लेकिन मेरा विश्वास है कि यह देश के लोगों को अच्छा लगेगा। देश के लोगों ने मुझे बहुत प्यार और सम्मान दिया है। मैं चाहता हूं कि हर कोई उसे सच बोले। अगर सच बोलना मुश्किल हो तब भी सच ही बोले। बता दें कि राहुल गांधी तीन दिन के दौरे पर केरल गए थे। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड समेत कई जगहों पर कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

### साहित्य सम्मान

■राहुल गांधी बताई मन की बात

### अंधेरे की ओर जा रहा देश

कार्यक्रम में टी पद्मनाभन ने कहा, हमारा देश अब अंधेरे से और अंधेरे की ओर जा रहा है। उम्मीद की किरण अभी दिखाई नहीं दे रही है। फिर भी हमने एक संपना संजोया है। इस अंधेरे के पार कहीं उम्मीद की किरण जरूर होगी। उन्होने कहा कि देश को राहुल गांधी से बड़ी उम्मीदें हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मौसम विभाग ने दी भारी बारिश की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर भारत में ठंड का सीजन शुरू हो गया है और तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में सुबह के शाम कोहरा भी घना होने लगा है। इस बीच, यूपी में अगले चार दिनों तक हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। ठंड में बरसात के चलते लोगों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। इसके अलावा, दो और तीन दिसंबर को यूपी समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में घना कोहरा भी पड़ने वाला है। उधर, दक्षिण भारत की बात करें तो यहां चक्रवाती तूफान की वजह से मौसम में बड़ा बदलाव आने की संभावना है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश होने जा रही है।

बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र शुक्रवार को डिप्रेशन में तब्दील हो गया है और अगले कुछ दिनों में इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। आईएमडी ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि चक्रवाती तूफान, चार दिसंबर की शाम के करीब आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम और चेन्नई के समुद्र तट को पार करेगा।

### यूपी में ठंड के बीच 4 दिनों तक बारिश की चेतावनी

## न्यूज डायरी



### भारतीय दूत ने यूएस हाउस सशस्त्र सेवा समिति के अध्यक्ष से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने शक्तिशाली हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष, कांग्रेसी माइक रोजर्स से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रक्षा और विज्ञान और प्रौद्योगिकी डोमेन सहित भारत–अमेरिका द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। पिछले महीने 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद गुरुवार को संधू की रोजर्स से मुलाकात हुई है। इस साल भारत–अमेरिका रक्षा सहयोग में जहाज की मरम्मत, जेट इंजन निर्माण, रक्षा औद्योगिक रोडमैप और राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक में सकारात्मक सौदों के साथ प्रगति देखी गई है। संधू ने यूएस कैपिटल में बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्अध्यक्ष हाउस सशस्त्र सेवा समिति के प्रतिनिधियों माइक रोजर्स के साथ फिर से मिलना काफी बेहतर रहा और रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आईसीईटी सहित भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा को आगे बढ़ाया गया है। रोजर्स को चीन का कड़ा विरोधी माना जाता है और उन्होंने लगातार चीन के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। मालूम हो कि रोजर्स, अलबामा से 11 बार रिपब्लिकन विधायक भी रह चुके हैं। 2021 में रैंकिंग सदस्य रहने के दौरान संधू रैंकिंग की उनके प्रतिनिधि के साथ अच्छी बातचीत हुई थी। अक्टूबर में राजदूत ने अपने द्विदलीय आउटरीच के हिस्से के रूप में हाउस सशस्त्र सेवा समिति के रैंकिंग सदस्य, कांग्रेसी एडम स्मिथ से मुलाकात की थी।

### पुतिन ने देश की महिलाओं से की अपील, सता रहा बड़ा डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश की महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि महिलाएं कम से कम आठ बच्चे पैदा करें और बड़े–बड़े परिवारों को आदर्श बनाएं। आज छोटे परिवारों की वजह से देश में जनसंख्या संकट बढ़ रहा है। पुतिन ने कहा कि आने वाले दशकों और आने वाली पीढ़ियों के लिए रूस की जनसंख्या को संरक्षित करना और बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। यह रूसी दुनिया, सहस्राब्दी पुराने शाश्वत रूस का भविष्य है। ऐसे में हमें परिवारों को बढ़ाने की ओर देखना चाहिए। अगर हम इसी तरह छोटे परिवारों की ओर देखेंगे, तो ये एक बड़ी मुश्किल का सबब बन सकता है। मॉस्को में वर्ल्ड रशियन पीपुल्स काउंसिल को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा, देश को उस समय में लौटना चाहिए जब बड़े परिवार आदर्श थे। हमारी कई दादी और परदादी के सात, आठ या उससे भी ज्यादा बच्चे थे। आज जरूरत है कि हम फिर से उन परंपराओं को संरक्षित और पुनर्जीवित करें। बड़े परिवारों को रूस के सभी लोगों के लिए आदर्श जीवन का एक तरीका बनना चाहिए।

### भारत आकर झूठ बोल रही अंजू, नसरुल्ला ने खोली पोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्ध्लामाबाद। पाकिस्तान में करीब 5 महीने तक रहने के बाद अंजू एक बार फिर से भारत लौट आई है। वाघा बॉर्डर के रास्ते अंजू ने एक बार फिर से भारत में प्रवेश किया। अंजू और नसरुल्ला ने दोनों इस वापसी से पहले दावा किया था कि वह अपने बच्चों से मिलने के लिए भारत जा रही है। अंजू ने भी भारत आकर यही दोहराया है कि वह अपने बच्चों से मिलने के लिए आई है। हालांकि अब नसरुल्ला अंजू के इस दावे की पोल खोल दी है और पाकिस्तानी मीडिया से बातचीत में भारतीय महिला के पाकिस्तान छोड़ने की असल वजह बता दी है। नसरुल्ला ने बताया कि अंजू का एक महीने का वीजा पहले खत्म हो गया था और पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बार–बार गुहार लगाने के बाद भी उसे नहीं बढ़ाया। इसके बाद अंजू को भारत वापस जाना पड़ा। नसरुल्ला ने उम्मीद जताई है कि दो से तीन महीने में एक बार फिर से अंजू वापस पाकिस्तान आ जाएगी। नसरुल्ला ने पाकिस्तानी मीडिया से बातचीत में खुलासा किया कि अंजू का एक महीने का पाकिस्तानी वीजा पहले ही खत्म हो गया था। ऊपरी दीर इलाके में रहने वाले नसरुल्ला ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के गृह मंत्रालय के सामने कई बार वीजा बढ़ाने की गुहार लगाई लेकिन कुछ दिक्कतों की वजह से इसे अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है।

# युद्ध विराम समाप्त होते ही कतर का बयान जारी

युद्ध

## इजरायल–हमास के बीच युद्ध विराम समाप्त होने के बाद बमबारी शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजा पट्टी। इजरायल–हमास युद्ध के बीच एक सप्ताह पहले शुरू हुआ अस्थायी युद्धविराम समाप्त हो गया। हालांकि, इसकी मध्यस्थता कर रहे कतर का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने युद्ध विराम की अवधि को बढ़ाने की बात कही है। मध्यस्थ कतर ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल–हमास युद्ध विराम को फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है और एक सप्ताह के संघर्ष विराम की समय सीमा समाप्त होने के बाद इजरायली बमबारी फिर से शुरू होने पर गहरा खेद व्यक्त किया। इजरायल और हमास लगातार एक–दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं कि दूसरे पक्ष ने युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन किया है।

कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विराम की समाप्ति के बाद पहले घंटों में गाजा पट्टी पर जारी बमबारी मध्यस्थता के प्रयासों को जटिल बनाती है और क्षेत्र में मानवीय तबाही को बढ़ाती है। इसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से हिंसा को रोकने के लिए शीघ्रता से आगे बढ़ने का आग्रह किया।



शुक्रवार को एक सप्ताह का युद्ध विराम समाप्त होने के कुछ ही मिनटों बाद इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी में लक्ष्यों को निशाना बनाया। साथ ही, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के लोगों से आग्रह किया है कि वह लोग अपना घर छोड़ दें। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह अपना आक्रमण बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। दक्षिणी गाजा में इजरायल ने लोगों से खान यूनिस शहर के पूर्व में घर छोड़ने का आग्रह किया। पर्चों में यह भी चेतावनी दी गई कि खान यूनिस अब एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है।

हालांकि, इस बीच बचे हुए लगभग 140 बंधकों को लेकर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि दोबारा शुरू हुए युद्ध से उन पर असर पड़ सकता है। युद्ध विराम खत्म होने के एक दिन बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायली अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे फलस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।

सप्ताह भर के युद्ध विराम के दौरान, गाजा में हमास ने 100 से अधिक बंधकों को रिहा कर दिया, जिनमें से अधिकांश इजरायली थे। हालांकि, इसके बदले में 240 फलस्तीनियों को इजरायल की जेलों से मुक्त करना पड़ा। मुक्त कराए गए लोगों में वस्तुतः सभी महिलाएं और बच्चे थे, लेकिन तथ्य यह है कि गाजा में ऐसे कुछ बंधक रह गए थे। मध्यस्थ के रूप में अहम भूमिका निभाने वाले कतर और मिस्र ने युद्ध विराम को दो दिन और बढ़ाने की मांग की थी। दो महीने पहले युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र के अपने तीसरे दौरे पर ब्लिंकन ने गुरुवार को नेतन्याहू और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की।

## भगोड़े नित्यानंद के देश कैलासा के साथ समझौता करना पड़ा महंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्यूनस आयस्र। भारत का भगोड़ा नित्यानंद फिर से चर्चा में है। पराग्वे सरकार के एक अधिकारी ने यह खुलासा होने के बाद इस्तीफा दे दिया कि उसने एक भगोड़े भारतीय गुरु के काल्पनिक देश के प्रतिनिधियों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिन पर दक्षिण अमेरिकी देश में कई स्थानीय अधिकारियों को भी धोखा देने का आरोप है। इस रहस्योद्घाटन के बाद सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ाया गया, लेकिन यह शायद पहली बार है कि काल्पनिक देश संयुक्त राज्य कैलासा के स्वघोषित प्रतिनिधियों ने अंतरराष्ट्रीय नेताओं को धोखा दिया है।

इस साल की शुरुआत में, वे जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समिति की बैठक में भाग लेने में कामयाब रहे और अमेरिका तथा कनाडा में स्थानीय नेताओं के साथ समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। काल्पनिक देश के प्रतिनिधियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का खुलासा होने पर अर्नाल्डो चमोरो ने बुधवार को पराग्वे के कृषि मंत्रालय के स्टाफ प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। चमोरो ने एक रेडियो साक्षात्कार में कहा कि काल्पनिक देश के प्रतिनिधियों ने उनसे और कृषि मंत्री कार्लोस जिमेनेज से मुलाकात की थी।



### नेतन्याहू ने गाजा में फिर शुरू किया युद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सना। ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा है कि अगर इजराइल ने गाजा पट्टी में लड़ाई फिर से शुरू की तो वे इजराइल पर मिसाइल हमले शुरू करेंगे और लाल सागर में इजराइली जहाजों का अपहरण कर लेंगे। हूती सैन्य प्रवक्ता येह्या सरिया ने अल–मसीरा टीवी के हवाले से कहा, श्अगर इजरायली दुश्मन गाजा के खिलाफ अपनी आक्रामकता फिर से शुरू करने का फैसला करता है, तो हम उसके खिलाफ सैन्य अभियान फिर से शुरू करने के लिए अपनी पूरी तैयारी की पुष्टि करते हैं। इस इजराइल ने फिर से हमले शुरू कर दिए हैं और हमास के गढ़ को निशाना बना रही है।

# आतंकी पन्नू को लेकर अमेरिका के बदले सुर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेल अवीव। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में कथित संलिप्तता के लिए पकड़े गए भारतीय नागरिक को लेकर अमेरिका का बयान सामने आया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि मामले में भारत द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय है। दरअसल, पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय का नाम आने पर भारत सरकार ने इसकी जांच करने की बात कही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए एक जांच पैनल भी गठित किया।

एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि मामले की जांच करने का भारत सरकार का निर्णय काफी अच्छा और उचित है और अमेरिका परिणाम देखने के लिए उत्सुक है।

### भारत ने एक जांच पैनल भी किया गठित

तेल अवीव में पत्रकारों से बात करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने पिछले हफ्तों में इस मामले को सीधे भारत सरकार के सामने उठाया है और भारत की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। अमेरिका में एक भारतीय नागरिक पर पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप के बारे में पूछे जाने पर ब्लिंकन ने कहा, सबसे पहले, यह एक चल रहा कानूनी मामला है। इसलिए मैं इस पर विस्तार से टिप्पणी नहीं कर सकता। मैं कह सकता हूं कि यह कुछ ऐसा है जिसे हम बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हममें से कई लोगों ने पिछले हफ्तों में इसे सीधे भारत सरकार के समक्ष उठाया है। सरकार ने आज घोषणा की कि वह एक जांच कर रही है और यह अच्छा और उचित है। बता दें कि मामले में अमेरिकी न्याय विभाग ने न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में कथित संलिप्तता के लिए एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अभियोग को खारिज कर दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि एक भारतीय सरकारी कर्मचारी, जिसकी पहचान मैनहट्टन की एक संघीय अदालत में दायर अभियोग में नहीं की गई थी, उसने हत्या को अंजाम देने के लिए निखिल गुप्ता नामक एक भारतीय नागरिक को भाड़े पर रखा था।

### चीन ने पहली बार दिखाई अपने तियानगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की पूरी तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के तियानगोंग स्पेश स्टेशन की पहली पूरी तस्वीर सामने आई है। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से अपने तियानगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की पहली पैनोरमिक फोटो शेयर की गई है। ये तस्वीर टी–आकार के अंतरिक्ष स्टेशन को पूरा दिखाती है, जिसमें सौर पैनल अपनी पूरी सीमा तक फैले हुए हैं और बैकग्राउंड में धरती दिख रही है। पूरी तरह से ऑपरेशनल चीन के इस स्पेस स्टेशन की ये पहली फोटो है, जिसमें तियानगोंग स्पेस स्टेशन का पूरा स्ट्रक्चर दिखाई दे रहा है। शेनझोउ 16 अंतरिक्ष मिशन के यात्रियों का यान जब धरती पर लौट रहा था तो उन्होंने ये तस्वीर ली। शेनझोऊ क्रू ने तियानगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के ऊपर उड़ान भरते हुए ये फोटो क्लिक की है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) की रिपोर्ट कहती है कि यह तस्वीर पिछले महीने गुई हाइचाओ ने क्लिक की है। गुई एक शोधकर्ता और नागरिक अंतरिक्ष यात्री हैं। तस्वीर में पूरा अंतरिक्ष स्टेशन दिखाया गया है।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# तहसील स्तर पर लंबित वादों का शीर्ष प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश

**निर्देश** तहसीलदारों एवं उप जिलाधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में आयोजित की गई जिसमें जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर लंबित वादों की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित तहसीलदारों एवं उप जिलाधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में तहसीलवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तहसील रुद्रप्रयाग, ऊखीमठ, जखोली व बसुकेदार में जो पुराने लंबित वादों व प्रकरणों की जानकारी ली जिसमें तहसीलदार रुद्रप्रयाग ने अवगत कराया है कि माह नवंबर, 2023 तक 68 वाद निस्तारित किए गए हैं तथा 14 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं। तहसीलदार बसुकेदार ने अवगत कराया है कि बसुकेदार में 08 वाद



निस्तारित किए हैं तथा 05 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं। तहसीलदार ऊखीमठ ने अवगत कराया है कि तहसील ऊखीमठ में 17 वाद निस्तारित हेतु अवशेष हैं। तहसीलदार जखोली ने अवगत कराया है कि उनके न्यायालय में 03 वाद निस्तारण हेतु अवशेष हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों को उनके शीघ्रता से शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि इसमें किसी भी प्रकार से शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए पाया कि सभी तहसीलों में राजस्व वसूली ठीक तरह से नहीं की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली में किसी भी तरह से कोई शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए तथा बैंक द्वारा जिन व्यक्तियों एवं बड़े बकायेदारों की आरसी जारी की गई है उनसे शीघ्रता से शीघ्र वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी तहसीलों में लंबित राजस्व वसूली प्रकरणों पर पूर्ण विवरण सायं तक सभी अमीनों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली में अमीनों द्वारा शिथिलता एवं लापरवाही बरतनी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए हैं कि उनके द्वारा जिन बकायेदारों की आरसी जारी की गई है उनका भी तहसीलवार पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, लीड बैंक मैनेजर चतर सिंह, तहसीलदार रुद्रप्रयाग राम किशोर ध्यानी, जखोली बीएल शाह, डीजीसी फौजदारी उमाकांत वशिष्ठ, राजस्व अर्जुन सिंह नेगी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने विश्व एड्स दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति और सामाजिक संस्था दिशा द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन संयुक्त रूप से चकराता रोड स्थित कार्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल तथा संचालन सुशील विरमानी ने किया। गोष्ठी में बोलते हुए समिति के महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि एड्स समाज के लिए घातक है एड्स पर रोक लगाने के लिए हमें जागृत होना होगा तथा लोगों को भी जागृत करना होगा तभी जाकर हम एड्स जैसी घातक बीमारी पर रोक लगा सकते हैं। प्रभात डंडरियाल और सुशील विरमानी ने कहा कि एड्स दिवस पूरे भारत वर्ष में 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इस गोष्ठी में प्रभात डंडरियाल ,आरिफ वारसी ,पंकज नेगी, नवनीत गोसाई, सुशील विरमानी, सतीश कुमार सुरेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### समुदायों को नेतृत्व करने दें, थीम के साथ मनाया एड्स दिवस

**संवाददाता** चमोली। विश्व एड्स दिवस पर आम जनता को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीजी कॉलेज गोपेश्वर में सिविल जज(सी.डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिमरनजीत कौर की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं एवं गोष्ठी में मौजूद लोगों को एड्स के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई और अपने आस पडोस के लोगों को भी एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमा रावत ने बताया कि इस वर्ष एड्स दिवस की थीम 'लेट कम्युनिटी लीड' है। जिसका मतलब है समुदाय को नेतृत्व करने दें। उन्होंने गोष्ठी को संबोधित करते हुए एड्स के संबंध में विस्तार बताया और इससे बचने के उपाय भी समझाए।

### विश्व का सबसे बड़ा पेपर शो मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के सबसे बड़े पेपर शो, पेपरेक्स का 16वां संस्करण, वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बड़े ब्रांडों और कंपनियों की मौजूदगी का वादा करता है। यह इवेंट 6 से 9 दिसंबर 2023 को इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर, भारत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पेपर उत्पादन की नवीनतम तकनीक के साथ–साथ कुछ सबसे अद्भुत और पर्यावरण– सहयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। पेपरेक्स 2023 को उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यह 2022 से 20 देशों के 700 से ज्यादा अग्रणी प्रदर्शकों और दुनिया के हर कोने से 30,000 से अधिक व्यापार आगंतुकों के साथ सफलता की कहानी को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## मॉडर्न प्रशासनिक भवन में संपादित होंगे शासकीय कार्य

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। अब जनपद के शासकीय कार्य मॉडर्न प्रशासनिक भवन में संपादित किए जाएंगे। शुक्रवार को जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय के मॉडर्न प्रशासनिक भवन का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भवन का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने जनपद में पदभार ग्रहण के तुरंत बाद ही जिला कार्यालय के प्रशासनिक भवन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किए जाने के लिए पुनर्निर्माण कार्य किए जाने के लिए ग्रामीण निर्माण विभाग को कार्य योजना तैयार कर पुनर्निर्माण कार्य को संपादित करने के निर्देश दिए थे।

ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में तत्परता से कार्य करते हुए मॉडर्न प्रशासनिक भवन तैयार किया गया जिसका विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रशासनिक भवन के पुनर्निर्माण कार्यों से जहां प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यों को ठीक ढंग से संपादन करने तथा पत्रावलियों के उचित रख–रखाव करने में भी सुविधा होगी, वहीं आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, सहायक अभियंता सुशील तिवारी, वैयक्तिक अधिकारी ओम प्रकाश बिष्ट सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### कैंप लगाकर विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

**संवाददाता** चमोली। शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत थराली ब्लॉक के आलकोट में विभिन्न विभागों द्वारा कैंप लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा कैंप लगाकर दवाइयां वितरित की गयी। कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान योजना के तहत 3 लोगों की ईकेवाइसी तथा 2 लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। साथ ही 3 मनरेगा जोबकार्ड तथा 2 पीएम आवास के आवेदन प्राप्त हुए। दशोली ब्लॉक के ग्वाड में आयोजित शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ योजनाओं से वंचित लाभार्थियों को चिन्हीकरण करते हुए योजना का लाभ दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवाइयां वितरित की गयी और 10 लोगों की टीवी की जांच की गयी।

## शीतकाल में व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए जिलाधिकारी ने जारी किए दिशा निर्देश

**संवाददाता** चमोली। शीतकाल में बर्फवारी एवं प्राकृतिक आपदा से क्षति को कम करने हेतु पूर्व तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने निर्देशित किया है कि शीतकाल में सड़क, विद्युत, पेयजल, खाद्यान्न आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने हेतु सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित की जाए और शीतकाल में विशेष सर्तकता रखते हुए अवरूद्व व्यवस्थाओं को तत्काल बहाल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शीतकाल में जनपद के पर्यटक स्थलों में बडी संख्या में पर्यटकों का आवागमन होता है। शीतकाल

**अवरूद्व व्यवस्थाओं को तत्काल किया जाए बहाल**

में बर्फवारी एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से सड़क एवं संपर्क मार्ग अवरूद्व होने तथा मूलभूत सुविधाएं बाधित होने की पूरी संभावनाएं रहती है। जिससे आम नागरिकों को भी असुविधा होती है।

उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देशित कि पर्याप्त संख्या में जेसीबी, डोजर एवं अन्य संसाधन को प्रमुख स्थानों पर तैनात रखने और आपसी समन्वय के साथ अविलंब मार्ग को सुचारू किया जाए। ताकि पर्यटकों एवं नागरिकों को कठिनाई न हो। नगर निकायों में प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने के साथ असहाय लोगों कि लिए कंबल वितरण और रेन बसेरों में आश्रय की व्यवस्था की जाए।

पुलिस विभाग को संवेदनशील स्थानों पर राहत एवं बचाव दल तैनात करने और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा सेवाएं और संशाधनों के साथ तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए है। शीतकाल में पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए जरूरी दवाइयां स्टोर करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि बर्फवारी से पूर्व दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न सामग्री का आवश्यक भण्डारण सुनिश्चित किया जाए। विद्युत विभाग को लाइन के आसपास पेड़ों की लोपिंग करने और पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर, खम्बे, तार इत्यादि एवं उरेडा को सोलर लाइटों का भण्डारण करने को कहा है।

### सेंट जोसेफ स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का किया गया आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। सेंट जोसेफ स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में नन्हे–मुन्ने छात्रों की प्रस्तुति पर अभिभावक,दर्शक जमकर झूमे। शुक्रवार को नगर पंचायत के कोटी गांव में सेंट जोसेफ स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया, समारोह में छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति समेत पंजाबी,राजस्थानी, गढ़वाली गुजराती,हरियाणवी लोकगीत गीतों की प्रस्तुति के साथ रवांई जौनपुरी,जौनसारी हारूल,तांदी गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियों से अभिभावकों व आसपास के दर्शक ग्रामीणों ने खूब सराहाया। समारोह में छात्रों ने देशभक्ति,पर्यावरण संरक्षण,वन्य जीवों पेड़ पौधों की सुरक्षा प्रस्तुत नाटकों के माध्यम से प्रकृति को सुंदर व सुरक्षित रखनें का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में शैक्षणिक वर्षभर की प्रगति एवं क्रीड़ा व उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले छात्रों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।





# एडल्टरी फिर से घोषित हो अपराध

**फिर भी अगर वह एडल्टरी को अपराध मानने की वकालत कर रही है तो इसके पीछे उसकी मुख्य दलील यही है कि भारतीय समाज में विवाह संस्था को काफी पवित्र माना जाता है और इसकी पवित्रता को सुरक्षित रखने की जरूरत है।**

अनुज सनवाल।।

गृह मामलों से जुड़ी संसदीय समिति ने सरकार से यह सिफारिश की है कि एडल्टरी (व्याभिचार) को फिर से अपराध घोषित किया जाए। ध्यान रहे, पांच साल पहले तक अपने देश में एडल्टरी को आईपीसी की धारा 497 के तहत अपराध ही माना जाता था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों वाली बेंच ने फैसला दिया कि इसे कानूनन अपराध 'नहीं माना जा सकता और न ही माना जाना चाहिए'। अब जब संसदीय समिति ने इसे फिर से अपराध की श्रेणी में रखने की जरूरत बताई है तो सवाल उठता है कि इन पांच सालों में आखिर ऐसा क्या बदल गया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ठोस वजह बताई थी इस कानून को निरस्त करने की। उसका कहना था कि 163 साल पुराना, औपनिवेशिक काल का बना यह कानून पति को पत्नी का मालिक मानने की अवधारणा पर आधारित है। दिलचस्प है कि संसदीय समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में प्रस्तावित प्रावधान को जेंडर न्यूट्रल रखने की जरूरत बताई है, जिसका मतलब है कि परोक्ष रूप से वह भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की भावना से सहमत है। फिर भी अगर वह एडल्टरी को अपराध मानने की वकालत कर रही है तो इसके पीछे उसकी मुख्य दलील यही है कि भारतीय समाज में विवाह संस्था को काफी पवित्र माना जाता है और इसकी पवित्रता को सुरक्षित रखने की जरूरत है।



मगर एडल्टरी को अपराध घोषित करने से विवाह की पवित्रता कैसे बरकरार रहती है, यह बात संसदीय समिति भी नहीं बताती। किसी शादी का सबसे बड़ा आधार है विश्वास और आपसी प्रेम। विवाह की सफलता के ही लिए नहीं, उसकी पवित्रता के लिए भी जरूरी है कि ये दोनों आधार सुरक्षित रहें। अगर किसी वजह से ये आधार टूटते हैं, आपसी प्रेम भाव में कमी आती है या किसी एक पार्टनर के मन में अविश्वास पनपता है तो क्या सजा पाने के डर से उस शादी को जबरन बनाए रखना शादी की पवित्रता कायम रखना है? क्या यह सुनिश्चित करना सबके लिए बेहतर नहीं है कि शादी जब तक रहे तब तक उसमें प्यार और विश्वास बना रहे और जब इसमें कमी आए तो जबरन ढोते रहने के बजाय इस रिश्ते को आसानी से उसके स्वाभाविक अंजाम की ओर बढ़ने दिया जाए ताकि उसके बाद भी जीवन किसी के लिए बोझ न बने?

संभवतः इसी सोच और भावना के तहत सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के अहम फैसले में कहा था कि एडल्टरी सिविल ऑफेंस का आधार जरूर हो सकता है, इसे तलाक का आधार बनाया जा सकता है, लेकिन क्रिमिनल ऑफेंस नहीं माना जा सकता। हमें समझना चाहिए कि भारतीय समाज एक निरंतर गतिशील समाज है। तभी यह पांच हजार वर्षों की अपनी परंपरा के साथ आगे बढ़ता रहा है। विवाह या किसी भी संस्था की कथित पवित्रता के नाम पर इस समाज की गति को अवरुद्ध करने की जानी अनजानी कोशिशों से हमें खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है।

## स्वच्छ

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन

बांसुरी से मधुर स्वर निकालने के लिए बांस का गांठ रहित होना आवश्यक है। इसी प्रकार जिस व्यक्ति के हृदय में छल–कपट रूपी गांठ नहीं पड़ी होती, उस व्यक्ति का अंतः करण बिना गांठ की बांसुरी की तरह स्वच्छ होता है उसके व्यक्तित्व और विचार में दुराव न होकर, सहज मधुरता होती है। देवउठनी से छह महीने तक देवताओं का दिन प्रारंभ हो जाता है। अतः तुलसी का भगवान श्री हरि विष्णु की शालीग्राम स्वरूप के साथ प्रतीकात्मक विवाह कर श्रद्धालु उन्हें वैकुंठ को विदा करते हैं। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी को भगवान श्री हरि विष्णु 4 मास के लिए क्षीरसागर में शयन के लिए चले जाते हैं। देवउठनी या देवोत्थान एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु चार मास बाद जागते हैं।

## संपादकीय

### पेनेल्टी भी हो

ऐसा सिस्टम बनाया जाना चाहिए कि अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर भारी पेनेल्टी की व्यवस्था की जाए। इसके लिए कैमरों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा सकता है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए जरुरी है कि सरकार इस तरह की योजना लाए कि अगर लोग प्राइवेट गाड़ी की जगह पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करते हैं तो उन्हें प्रोत्साहन मिले। ताकि अपनी कार का उपयोग करने वाले भी ऐसी बस में जाने से न हिचकिचाएं। ऐसी बसों में अधिक किराया रखा जा सकता है। सामान्य बसें भी एसी वाली ही हों और निर्धारित वक्त पर मिलें। इन बसों का किराया दुपहिया वाहन में खर्च होने वाली रकम से कम होना चाहिए। इसके साथ ही कैब, ऑटो के लिए ऐसी स्कीम लायी जाए कि वे आसानी से और कम खर्च में उपलब्ध हो। सड़कों के किनारे जितनी मिट्टी या धूल एकत्र है, उसे एक समयबद्ध तरीके से सड़कों से हटाकर वहां ऐसी व्यवस्था की जाए कि दोबारा धूल न आए। जहां भी सड़क टूटी हो उसे भी 24 घंटे में दुरुस्त कर दिया जाए। ताकि उससे धूल न उड़े। ऐसे लोगों के लिए सरकार कूपन योजना ला सकती है या फिर उन्हें किसी दूसरी तरह के फायदे दे सकती है।

न सिर्फ सरकारी स्तर पर बल्कि सरकार को ये भी कोशिश करनी होगी कि लोग भी इसमें सरकार की योजना का हिस्सा बनकर मदद करें। तभी आगे चलकर कुछ बेहतर करने की उम्मीद की जा सकती है।

# मास्टर प्लान बनाया जाए

गुलशन राय।।

दिल्ली में प्रदूषण की हालत लगातार बेहद खराब बनी हुई है। हालात इतने खराब हैं कि लोग लगातार बीमार हो रहे हैं और जिन्हें पहले से ही सांस से जुड़ी बीमारियां हैं, उनके लिए सांस लेना मुश्किल हो रहा है। ऐसे लोग अब दिल्ली से बाहर जाकर अपने ठिकाने खोजने पर विचार करने लगे हैं। बीते 15 साल में सरकार की कोशिशों के बावजूद दिल्ली में प्रदूषण को लेकर हालात सुधरने की बजाए, बिगड़े ही हैं। हर साल सर्दियां आते ही प्रदूषण को लेकर हाय तौबा मचती है लेकिन स्थितियां बेहतर नहीं होतीं। आखिर क्या है इसकी वजह और कैसे इसमें सुधार किया जा सकता है।

ये सही है कि सर्दियां आते ही ग्रैप लागू करने की तैयारी हो जाती है। सरकार और स्थानीय एजेंसियां एक्टिव हो जाती हैं ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। इसके लिए कई प्रतिबंध भी लगाए जाते हैं और एहतियाती कदम भी उठाए जाते हैं लेकिन सर्दियां खत्म होते ही ये सारी कवायद लगभग खत्म सी हो जाती है। कायदे से सिर्फ एक ही नहीं बल्कि कई साल तक साल भर ऐसी कोशिशें करनी होंगी, जिससे कि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। लगातार कुछ साल तक ठोस उपाय करने के बाद ही हम प्रदूषण की इस समस्या पर कुछ हद तक



नियंत्रण कर सकते हैं लेकिन इसके लिए विल पॉवर की जरुरत है। न सिर्फ सरकारी स्तर पर बल्कि सरकार को ये भी कोशिश करनी होगी कि लोग भी इसमें सरकार की योजना का हिस्सा बनकर मदद करें। अगर पूरे साल इस दिशा में कार्य होगा, तभी आगे चलकर कुछ बेहतर करने की उम्मीद की जा सकती है।

दिल्ली में किसी भी योजना पर काम करने में केंद्र और दिल्ली सरकार एक दूसरे पर अड़ंगा लगाने का आरोप लगाते हैं। ऐसे में बेहतर हो कि कोर्ट की निगरानी में दोनों सरकारों के आला अफसरों का एक हाईपावर ग्रुप बना दिया जाए, जो दिल्ली में हालात सुधारने के लिए एक मास्टर प्लान बनाए। इस प्लान में लांग टर्म और शार्ट टर्म दोनों ही तरह के सॉल्यूशन तय किए जाएं। इसके बाद इन सभी प्लान के मुताबिक कार्यों की डेडलाइन तय की जाए। उसके बाद इस डेडलाइन पर काम किया जाए। अगर इसमें कहीं ढिलाई होती है तो हाई पॉवर ग्रुप की भी जवाबदेही तय की जाए। इसका सबसे बड़ा फायदा होगा कि कोर्ट की निगरानी होने की वजह से ब्यूरोक्रेसी या अन्य समूह अड़चन डालने की हिम्मत नहीं करेंगे।

अगर सर्दियों में पराली की समस्या को छोड़ दिया जाए तो पूरे साल भर प्रदूषण में सबसे अहम योगदान गाड़ियों का होता है। अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम की वजह से भी एयर पॅल्यूशन तेजी से बढ़ता है। ऐसे में सबसे पहले तो प्राइवेट गाड़ियों की संख्या को कम करने के लिए ऐसा प्लान बने, ताकि लोग खुद ही प्राइवेट गाड़ी का इस्तेमाल तभी करें, जब उनके लिए बेहद जरुरी हो जाए। इसके लिए न सिर्फ बसों की संख्या बढ़ाई जाए बल्कि उनका ऑपरेशन भी बेहद सधे हुए तरीके से हो ताकि लोगों को बस के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। बसें भी दो तरह की हों, लग्जरी और सामान्य। लग्जरी बसों की ऐप से बुकिंग हो और तय समय पर वह उपलब्ध हों।

### अष्टयोग- 4976

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 6 | 1 | | 7 |
| | 31 | 7 | 31 | | 28 | |
| | 2 | | | 3 | | 4 |
| | 34 | 6 | 31 | | 33 | |
| 6 | | 4 | | 2 | | 1 |
| 5 | 31 | | 32 | 7 | 38 | |
| | 3 | 2 | | 5 | | 6 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4975 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 42 | 7 | 33 | 1 | 23 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 25 | 3 | 34 | 7 | 39 | 6 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 24 | 1 | 33 | 5 | 35 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### क्या होगा असर

**मोहन।** पेशावर में कारोबारी इसहाक कहते हैं कि किसी हद तक इस फैसले से कारोबार पर असर पड़ेगा लेकिन इतना अधिक नहीं होगा क्योंकि 2017 में जब गैरकानूनी तौर पर रह रहे अफगान नागरिकों के खिलाफ पाकिस्तान में कार्रवाई की गई थी तो उस समय अधिकतर ने अपने कारोबार को अफगानिस्तान ट्रांसफर कर दिया था। अफगान शरणार्थियों के लिए बने कार्यालय के एक अफसर ने कहा कि इन्हें वापस भेजना आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए पैसों की जरूरत होगी, और इसके अलावा ट्रांसपोर्ट और दूसरी व्यवस्था करनी होगी। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने सरकार के इस फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कानून पर अमल होना चाहिए और जो भी गैर–कानूनी तौर पर यहां रह रहे हैं, उनके बारे में सरकार को उचित फैसला करना चाहिए। डेडलाइन खत्म होने के पहले दिन 1 नवंबर तक 1.40 लाख अफगान नागरिक तालिबान के शासन वाले अपने देश लौट चुके थे। अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत और मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तान से डेडलाइन बढ़ाने को कहा है।






## एनिमल ट्रेलर में बॉबी देओल को देख हैरान रह गए महेश बाबू

इन दिनों रणबीर कपूर अनिल कपूर और बॉबी देओल स्टारर फिल्म एनिमल को लेकर धूम मची है। जब से इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है लोग इलकी तारीफें करते नहीं थक रहे। फिल्म की कहानी से लेकर कलाकारों की जमकर तारीफ हो रही है। तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू ने भी ट्रेलर देखा और बताया कि एनिमल में बॉबी देओल को देखकर वह हैरान रह गए। बता दें कि एनिमलश्में रणबीर कपूर लीड रोल में नजर आ रहे हैं, जो एक ऐसे बेटे की भूमिका में हैं जो अपने पिता को लेकर बचपन से लेकर बड़ा होने तक बहुत क्रेजी है। इस फिल्म का निर्देशन श्कबीर सिंहश फेम संदीप रेड्डी वांगा ने किया है जिसमे बॉबी देओल खतरनाक अवतार में दिखे हैं। हाल ही में एनिमल के एक प्रमोशनल इवेंट में महेश बाबू भी मौजूद थे और वो बॉबी देओल के किरदार की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं सके। महेश बाबू ने बॉबी देओल को शानदार किरदार को लेकर कहा है, बॉबी, तुम आखिर में आए और तुमने मुझे हैरान कर दिया, जिसकी वजह से मेरा फोन ही हाथ से गिर गया। ट्रांसफॉर्मेशन स्टनिंग है, एक ऑडियंस के रूप में ये हमारे लिए बहुत प्रेरणादायक है। मैं आपको बड़े पर्दे पर देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। बता दें कि रणबीर और बॉबी के इस फिल्म एनिमल से पहले संदीप रेड्डी वांगा अर्जुन रेड्डी और शाहिद कपूर–स्टारर कबीर सिंह जैसी फिल्में बना चुके हैं। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान खड़ा कर दिया था।

## डगलस ने बोली टूटी–फूटी हिन्दी, आयुष्मान खुराना ने तोड़–तोड़कर बोलना सिखा दिया

गोवा के पणजी में हाल ही में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हॉलीवुड एक्टर माइकल डगलस को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड फंक्शन में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के तमाम सितारे शामिल हुए। गोवा में आयोजित इस समारोह का हिस्सा आयुष्मान खुराना भी बने। इसी इवेंट का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना दिख रहा है। इस वीडियो में आयुष्मान खुराना माइकल डगलस को हिंदी बोलना सिखा रहे हैं। वीडियो काफी मजेदार है और सबको काफी गुदगुदा रहा है। आयुष्मान खुराना ने ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर भी किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा है, श्इंडिया भी आपसे बहुत प्यार करता है माइकल डगलस। लीजेंड के साथ कितना अदुभुत पल। इस वीडियो में एक्टर हॉलीवुड स्टार को हिंदी सिखा रहे हैं।

## राखी सावंत को 7 दिसंबर तक गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत



राखी सावंत को गिरफ्तारी से फिलहाल राहत मिलने की खबर है। मुंबई की एक अदालत ने एक्ट्रेस और मॉडल राखी सावंत को उनसे अलग हो चुके पति की ओर से दायर मामले में 7 दिसंबर तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी है। राखी सावंत के पति आदिल दुर्रानी ने दोनों के पर्सनल वीडियो कथित तौर पर लीक करने को लेकर राखी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आदिल दुर्रानी ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका में हस्तक्षेप करने की मांग की थी जिसके बाद दिंडोशी सेशन कोर्ट ने राखी सावंत को अस्थायी राहत दी है। अदालत ने राखी को राहत देते हुए कहा है कि चूंकि गिरफ्तारी को लेकर पूर्व जमानत याचिका पर सुनवाई उनके पति के आदेश पर स्थगित की जा रही है ताकि उन्हें अपनी बात कहने का मौका दिया जा सके, इसलिए उन्हें सुरक्षा देना उचित होगा। अदालत ने पुलिस को 7 दिसंबर तक सावंत के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करने को कहा है। बता दें कि दुर्रानी की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने आईटी एक्ट अधिनियम की धारा 67ए के तहत सावंत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दुर्रानी ने राखी पर उन्हें बदनाम करने के लिए उनके निजी वीडियो कई जगहों पर दिखाने का आरोप लगाया है। राखी के वकील अली काशिफ खान देशमुख ने कहा कि आदिल का एकमात्र उद्देश्य एक्ट्रेस को परेशान करना है।

# नयनतारा को पति विग्नेश ने दिया बर्थडे पर तीन करोड़ का तोहफा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*जवान एक्ट्रेस नयनतारा को बर्थडे के दो हफ्ते बाद गिफ्ट मिला है। ये तोहफा उनके पति विग्नेश शिवन ने दिया है। जिसकी कीमत सुनकर आपको 440 वॉल्ट का झटका लगेगा। दरअसल एक्ट्रेस के पति और डायरेक्टर ने उन्हें लग्जरी गाड़ी गिफ्ट की है जो अब जाकर उन्हें रिसीव हुई है। लोग इस गाड़ी की कीमत सुनकर हैरान रह गए हैं। आइए बताते हैं आखिर नयनतारा को विग्नेश ने कौन सी कार गिफ्ट की है और इसकी कीमत क्या है। नयनतारा का 18 नवंबर को बर्थडे था। इस साल वह 39 साल की हो चुकी हैं। पिछले साल ही उन्होंने शादी की थी। उनकी शादी में शाहरुख खान भी पहुंचे थे। शाहरुख और नयनतारा ने श्जवानश में साथ में काम किया था। नयनतारा–विग्नेश के सेरोगेसी से दो जुड़वा क्यूट से बच्चे भी हैं।*

**नयनतारा का बर्थडे गिफ्ट**

अब नयनतारा को तोहफे में मर्सिडीज बेंज कार मिली है। इस लैविश गाड़ी के बारे में नयनतारा ने ही जानकारी दी। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। उन्होंने गाड़ी की झलक दिखलाते हुए लिखा, गाड़ी का हमारे घर स्वागत है। मेरे प्यारे पति को बहुत सारा थैंक्यू, जिन्होंने बर्थडे पर ये स्वीट गिफ्ट दिया है। लव यू। एक्ट्रेस के पोस्ट पर जवान की को–एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने भी कमेंट किया।



**नयनतारा की 3 करोड़ की गाड़ी**

नयनतारा की गाड़ी के मॉडल के बारे में तो अभी तक जानकारी नहीं है मगर इस मर्सिडीज बेंज मॉडल की कीमत 3 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। फिलहाल भारत में मर्सिडीज बेंज के दो मॉडल ही मिलते हैं जो कि लग्जरी कार में शुमार है।

**नयनतारा का कामकाज**

वर्कफ्रंट की बात करें तो नयनतारा ने शाहरुख खान के अपोजिट जवान से हिंदी डेब्यू किया। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई जिसने छप्पड़फाड़ कमाई की। अब एक्ट्रेस की Annapoorani 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हो रही है।

# दयाबेन लौटेंगी या फिर गच्चा देंगे असित मोदी

*तारक मेहता का उल्टा चश्माश शो में दयाबेन की एंट्री को लेकर दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक उनका कमबैक कंफर्म नहीं हो पाया है। मगर एक बार फिर शो इस मोड़ पर आ गया है जहां कहा जा रहा है कि दयाबेन की वापसी हो सकती है।*



लंबे समय से श्तारक मेहता का उल्टा चश्माश शो के दर्शक दयाबेन की एंट्री के लिए तरस रहे हैं। मेकर्स बार बार दावा जरूर करते हैं कि वह दया भाभी उर्फ दिशा वकानी को लेकर आ सकते हैं लेकिन हर बार उनका दावा उल्टा ही पड़ जाता है। मगर अब एक बार फिर शो का प्लॉट ये दावा कर रहा है कि दयाबेन की एंट्री सकती है। आइए दिखाते हैं प्रोमो। हुआ ये कि जेठालाल (दिलीप जोशी) का सब्र का बाण टूट गया है। वह अपने प्रियमित्र मेहता साहब (सचिन श्रॉफ) के साथ दया को लेने अहमदाबाद जा रहे हैं। उन्होंने बेटे टप्पू से कहकर टिकट भी बुक करवा ली है। मगर अब इस बीच गेम पलट जाता है। थाने कचहरी तक के जेठालाल के चक्कर लग जाते हैं।

**जेठालाल की खुशी का नहीं ठिकाना**

इस बीच जेठालाल से सुंदर ने वादा किया है कि वह कल के कल ही दया को लेकर मुंबई, गोकुलधाम सोसायटी आ रहे हैं। अब ये सुनते ही जेठालाल, चंपक चाचा और टप्पू की खुशी का ठिकाना नहीं होता है। अब सवाल ये उठता है कि कहीं मेकर्स फिर दया की वापसी करवाएंगे या फिर दर्शकों की भावनाओं के साथ खेल जाएंगे। ये भी संभव है कि मेकर्स किसी नए चेहरे को दयाबेन की जगह ले आए, हालांकि अभी इस तरह की जानकारी सामने नहीं आई है।

**दिशा वकानी की ओर से नहीं रिस्पॉन्स**

दिशा वकानी इस शो की जान रही हैं। साल 2017 में उन्होंने शो से मैटरनिटी ब्रेक लिया था और इसके बाद से वह वापस ही नहीं लौटी हैं। वह इस बीच लाइमलाइट से भी दूर हैं। वह न तो किसी पार्टी में आती हैं न ही किसी कार्यक्रम में। पिछले 6 साल से उनके कमबैक के इंतजार में हैं। बीच में तो मेकर्स ने दया के किरदार के लिए कुछ ऑडिशन भी लिए थे लेकिन बात नहीं बन पाई थी।

# शरीर तोड़ देती है विटामिन बी12 की कमी, सबसे पहले दिखता है ये लक्षण



**विटामिन बी12 की कमी का पहला लक्षण**
हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार विटामिन बी12 की कमी का विकास धीमा हो सकता है, जिससे लक्षण धीरे-धीरे प्रकट होते हैं और समय के साथ तीव्र होते जाते हैं। विटामिन बी12 की कमी के कारण होने वाले लक्षणों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अगर बात करें विटामिन बी12 की कमी के पहले लक्षण की तो इसकी कमी की वजह से हाथ, पैर में जीब सी संवेदनाएं, सुन्नता या झुनझुनी महसूस हो सकती है।

*औसत वयस्क को प्रतिदिन 2.4 माइक्रोग्राम विटामिन बी12 मिलना चाहिए। अगर आपको यह नहीं मिल रहा है, तो आपको धीरे-धीरे गंभीर विटामिन बी12 की कमी हो सकती है जिससे अवसाद, भ्रम, स्मृति हानि, असंयम, स्वाद और गंध की हानि और सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो जाना जैसे नुकसान भी हो सकते हैं।*

**मांस और मछली**
लाल मांस और चिकन विटामिन बी 12 का एक बढ़िया स्रोत हैं। लाल मांस जितना गाढ़ा न होने पर भी, चिकन विटामिन बी12 के सेवन में योगदान देता है। इसी तरह सैल्मन, टूना और मैकेरल जैसी वसायुक्त मछलियाँ विटामिन बी12 के उत्कृष्ट स्रोत हैं।

**डेयरी उत्पाद और अंडे**
दूध और दही जैसे डेयरी उत्पाद में विटामिन बी12 की अच्छी मात्रा होती है। पनीर में भी विटामिन बी 12 का मध्यम स्तर होता है। अंडे विटामिन बी12 का एक उत्कृष्ट और आसानी से उपलब्ध स्रोत हैं।

**फोर्टिफाइड फूड्स**
कई सेरेल्स विटामिन बी12 से फोर्टिफाइड होते हैं, जो जिनके सेवन से आपको फायदा होता है। इसी तरह फोर्टिफाइड सोया दूध एक उपयुक्त विकल्प हो सकता है। कुछ दही उत्पाद भी विटामिन बी12 से समृद्ध होते हैं।


**क्लैम, सीप और लीवर**
क्लैम विटामिन बी12 से भरपूर होते हैं। सीप चाहे कच्चा हो या पका हुआ, विटामिन बी12 से भरपूर समुद्री भोजन का एक और विकल्प है। इसी तरह बीफ लिवर विटामिन बी12 सहित विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर होता है। विटामिन बी12 प्राप्त करने के लिए चिकन लीवर पोल्ट्री का एक विकल्प है। इनके अलावा आपको मशरूम और कुछ ड्राई फ्रुईस जैसे बादाम आदि का सेवा करना चाहिए।

**विटामिन बी12 की कमी के अन्य लक्षण**
चलने में कठिनाई, खून की कमी, सूजी हुई जीभ, सोचने और तर्क करने में कठिनाई (संज्ञानात्मक कठिनाइयाँ), या स्मृति हानि कमजोरी, थकान, हड्डियों का कमजोर होना।

# जिसे आप मामूली एसिडी समझ रहे, वो पेट का कैंसर तो नहीं ?

*पेट या गैस्ट्रिक कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। यह तब होता है, जब पेट की परत में असामान्य कोशिकाएं बनती और बढ़ती हैं। पेट का कैंसर पेट में कहीं भी पाया जा सकता है। पेट पाचन तंत्र का हिस्सा है। यह आपको भोजन पचाने में मदद करता है। पेट का कैंसर कितना गंभीर है यह इस बात पर निर्भर करता है कि कैंसर कितना बड़ा है, फैल चुका है या नहीं और आपका सामान्य स्वास्थ्य क्या है। पेट शरीर का एक बड़ा अंग है और अधिकतर बीमारियों की शुरूआत भी पेट से ही शुरू होती है। यही वजह है कि कई बीमारी के लक्षण देर से दिखाई देते हैं। पेट के कैंसर के मामले में भी यही दिक्कत है। पेट के कैंसर के लक्षण पेट की अन्य समस्याओं से मिलते-जुलते हैं, जिन्हें पहचानने में कई बार देरी हो जाती है। एसिड रिफ्लक्स भी पेट से जुड़ी एक गंभीर समस्या है जिसमें पेट में गए खाद्य पदार्थ वापस खाने की नली में वापस आने लगते हैं जिससे कई लक्षण पैदा होते हैं। इसे अक्सर पेट के कैंसर से जोड़कर देखा जाता है। वास्तव में इनके लक्षण मिलते-जुलते होते हैं। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लक्षणों को शुरुआत में पहचानना जरूरी है ताकि शीघ्र निदान किया जा सके।*

**पेट के कैंसर के मुख्य लक्षण**
पेट के कैंसर के कई संभावित लक्षण हैं, लेकिन उन्हें पहचानना मुश्किल हो सकता है। यह लक्षण आपके पाचन को प्रभावित कर सकते हैं, जैसे सीने में जलन या एसिड रिफ्लक्स, निगलने में



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



समस्या होना, बीमार महसूस होना, अपच के लक्षण, जैसे बहुत अधिक डकार आना, भोजन करते समय बहुत जल्दी पेट भरा हुआ महसूस होना, भूख न लगना या बिना कोशिश किए वजन कम होना, आपके पेट के शीर्ष पर एक गांठ या दर्द होना, थकान महसूस होना या ऊर्जा न होना।

**क्या एसिड रिफ्लक्स पेट के कैंसर की एक बड़ी वजह है?**
ऐसा माना जाता है कि गैस्ट्रिक कैंसर का एक बड़ा कारण लगातार एसिड रिफ्लक्स होना है। हाई कार्बोहाइड्रेट और हाई फैट वाले फूड्स खाने वालों को यह समस्या ज्यादा होती है। क्रोनिक एसिड रिफ्लक्स ऊपरी पेट को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के विकास का कारण बन सकता है।

**एसिड रिफ्लक्स क्या है?**
जब आपके पेट में खाना पहुंच जाता है, तो एसोफेजियल स्फिंक्टर नामक मसल्स बंद हो जाती है। किसी को गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स या गर्ड होता है, तो स्फिंक्टर कमजोर हो जाता है और आपके पेट के खाने को वापस ऊपर आने देता है। इससे आपको सीने में जलन, खट्टी डकार, एसिडिटी, उल्टी और मतली जैसे लखन महसूस होते हैं।

**पेट का कैंसर है या बस एसिड रिफ्लक्स, कैसे चलेगा पता**
यदि आपके पास जीईआरडी या पेट के कैंसर के कोई भी लक्षण हैं, तो आपको अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। आपको बार-बार उल्टी होना, गले में दर्द, भूख न लगना, या पेट दर्द जो एक सप्ताह से अधिक समय तक रहता है, या अनजाने में वजन कम होना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। गर्ड का सबसे बड़ा लक्षण सीने में दर्द है, जो दिल के दौरे का लक्षण भी हो सकता है। यदि आपको सीने में दर्द हो तो आपको तत्काल चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए, खासकर यदि आपको सांस लेने में तकलीफ हो और जबड़े या बांह में दर्द हो।



## तो सर्दियों में इन तरीकों से करें रागी को डाइट में शामिल

दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश के बाद अब ठंड ने जोर पकड़ लिया है। सर्दियों का मौसम आते ही हमारे खानपान और पहनावे में काफी बदलाव होने लगते हैं। इस मौसम में लोग अक्सर ऐसे फूड आइटम्स और कपड़ों को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाते हैं, जो उन्हें ठंड से बचाए और अंदर से गर्म बनाए रखे। रागी इन्हीं फूड्स में से एक है, जिसे सर्दियों में अपनी डाइट का हिस्सा बनाने से सेहत को कई फायद मिलते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर रागी आपके शरीर में मिनरल, प्रोटीन और डाइटरी फाइबर की पूर्ति करने के लिए एक परफेक्ट अनाज है। इसे फिंगर बाजरा के रूप में भी जाना जाता है, जिसकी भारत में हजारों साल पहले खेती की जाती रही है और प्राचीन ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है। अगर आप भी सर्दियों में हेल्दी रहने के लिए एक परफेक्ट ऑप्शन खोज रहे हैं, तो रागी एक बढ़िया विकल्प होगा। रागी को अपनी डाइट में शामिल करने का सबसे आसान और स्वादिष्ट तरीक है रागी मिल्कशेक। सर्दियों में इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाने के लिए आप पकी हुई रागी को दूध, केला और शहद के साथ मिलाकर टेस्टी और हेल्दी मिल्कशेक बना सकते हैं। आप रागी को डोसे के रूप में भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## एड्स से बचाव ही है इसका इलाज, जानें संक्रमण से सुरक्षित रहने के तरीके

एड्स एक ऐसी खतरनाक बीमारी है, जो HIV वायरस के इन्फेक्शन से होता है। यह वायरस व्यक्ति के इम्यून सिस्टम को इतना कमजोर कर देता है कि सर्दी-जुखाम जैसी छोटी बीमारी से लड़ना भी मुश्किल हो जाता है। इस वायरस के नेचर की वजह से, इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है, इसलिए एड्स से बचाव करना बेहद जरूरी है। एड्स की रोकथाम के लिए हर साल 01 दिसंबर को वर्ल्ड एड्स डे मनाया जाता है। एड्स का पूरा नाम एकवायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। यह एचआईवी इन्फेक्शन का आखिरी चरण होता है। यह वायरस, शारीरिक संबंध बनाने के दौरान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, लेकिन इसके संक्रमण के और भी दूसरे कारण हो सकते हैं।

## क्या है पोटलोई जिसे पहन सुर्खियां बटोर रहीं रणदीप की दुल्हनिया



शादियों का सीजन आते ही एक बार फिर शहनाई की गूंज सुनाई देने लगी हैं। आम से लेकर खास इस सीजन कई लोग शादी के बंधन में बंध रहे हैं। फिल्मी गलियारों में भी एक बार शादियों का दौर शुरू हो चुका है। इसी क्रम में हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा भी शादी के बंधन में बंध चुके हैं। एक्टर ने बीते दिन अपने लंबे रिलेशन के लिए गर्लफ्रेंड लिन लैशराम के साथ शादी रचा ली है। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की तस्वीरें और वीडियोज सामने आते ही चर्चा का विषय बन गए हैं। दरअसल, अभिनेता ने बेहद सादगी से अपनी शादी रचाई, जो अब लोगों का दिल जीत रहा है। पोटलोई पारंपरिक मणिपुरी पोशाक है, जिसे आमतौर पर दुल्हने पहनती हैं। यह मोटे कपड़े और कठोर बांस से बनी एक सिलेंड्रिकल स्कर्ट है, जो साटन के कपड़े और अन्य अलंकरणों से सजी होती है। बात करें लिन के आउटफिट की, तो लिन ने कढ़ाई वाले काले ब्लाउज (जिसे रेशम फ्यूरिट कहा जाता है) के साथ मैरून रंग की पोटलोई पहनी थी। उन्होंने अपने इस ब्राइडल लुक को शीर आइवरी ट्यूल ड्रेप और हैवी नेकलेस के साथ पूरा किया। साथ ही हाथों पर चमकदार हाथ फूल कैरी किए हुए थे।



न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था आखिरी वनडे

साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चुनी गई वनडे टीम का नेतृत्व केएल राहुल करेंगे। टीम में कुल चार स्पिनर शामिल किए हैं। कुलदीप यादव और चहल के अलावा ऑलराउंडर अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर को भी शामिल किया गया है। तीन मैचों की वनडे सीरीज 17 दिसंबर से 21 दिसंबर तक खेली जाएगी। चहल ने भारत के लिए आखिरी वनडे मैच जनवरी 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

## भारतीय टीम में वापसी पर युजवेंद्र चहल हुए भावुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। वनडे टीम में 2023 विश्व कप के 15 सदस्यीय टीम से 12 खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। वहीं, लंबे समय के बाद युजवेंद्र चहल की वनडे टीम में वापसी हुई है। लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे युजवेंद्र चहल के लिए खुशी लेकर आया। चहल को दिसंबर महीने में साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम में चुन लिया गया है। हालांकि, चहल को टी–20 टीम में शामिल नहीं किया गया है। वनडे में अपनी वापसी पर चहल ने खूबसूरत रिएक्शन दिया है। चहल ने एक्स हैंडल ( पूर्व में ट्विटर) पर चार शब्दों की एक पोस्ट शेयर की। युजवेंद्र ने पोस्ट में अपनी फोटो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, हियर वी गो अगेन (चलो हम फिर से चलते है)। चहल की बात करें तो वह भारत के लिए आखिरी बार अगस्त महीने में वेस्टइंडीज दौरे पर खेलत हुए दिखाई दिए थे। 2023 एशिया कप और वर्ल्ड कप के लिए उनका चयन नहीं किया था।

# वनडे में संजू सैमसन को मिला आखिरी मौका!

क्रिकेट

## साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया। टी–20 में सूर्य कुमार यादव को कप्तान बनाया गया है। वहीं, वनडे में रोहित शर्मा को आराम दिया गया। उनकी जगह केएल राहुल कप्तानी करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की वनडे टीम में वापसी हुई है, जबकि सूर्यकुमार यादव का वनडे टीम से पत्ता कट गया है।

बीसीसीआई ने गुरुवार को साउथ अफ्रीका दौरे के लिए तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया। वनडे टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की एक बार फिर वापसी हुई है। संजू सैमसन इससे पहले अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर खेलते नजर आए थे, मगर उस सीरीज में उन्होंने निराश किया था। हालांकि, अब उनकी टीम इंडिया फिर से वापसी हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि संजू सैमसन को अफ्रीका दौरे पर खुद को साबित करने का आखिरी मौका दिया गया है। हालांकि, उन्हें टी–20 और टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है।



**सूर्यकुमार टीम से हुए बाहरः** वहीं, सूर्यकुमार यादव को वनडे टीम से बाहर कर दिया है। वनडे में उनके खराब प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं ने ऐसा फैसला किया। सूर्या ने वनडे में 37 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 25.8 की औसत और 105 की स्ट्राइक रेट से 773 रन बनाए हैं। वनडे वर्ल्ड कप में सूर्या को टीम में शामिल किया गया था। वहीं, संजू सैमसन ने भारत के लिए 13 वनडे में 55.71 की औसत से 390 रन बनाए हैं।

**वनडे के लिए भारत की टीमः** ऋतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तानधविकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

# मैच फिक्सर चुनेगा अब पाकिस्तान के लिए टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को शर्मसार करने वाले पूर्व कप्तान सलमान बट को पीसीबी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। सलमान बट को न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किया है। 39 वर्ष के बट ने स्पॉट फिक्सिंग मामले में पांच साल का प्रतिबंध झेलने के बाद 2016 में क्रिकेट में वापसी की थी। उन्हें कामरान अकमल और राव इफ्तिखार अंजुम को हाल ही में नियुक्त मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज का सलाहकार नियुक्त किया गया है। अगस्त 2010 में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के दौरान स्पॉट फिक्सिंग में भूमिका के लिए बट



पाकिस्तान क्रिकेट में मची है उथल–पुथल

पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने 2016 में क्रिकेट में वापसी की और घरेलू स्पर्धाओं में काफी सफल रहे लेकिन राष्ट्रीय टीम में दोबारा जगह नहीं बना सके।


सलमान बट पाकिस्तान के लिए कुल 33 टेस्ट, 78 वनडे और 24 टी20 इंटरनेशनल में मैदान पर उतरे थे। टेस्ट क्रिकेट में सलमान ने पाकिस्तान के लिए 1889 रन बनाए। इस फॉर्मेट में उनके नाम 3 शतक और 10 अर्धशतक शामिल है। वहीं वनडे में सलमान बट ने 2725 रन बनाए। वनडे क्रिकेट में उनके नाम 8 शतक और 14 अर्धशतक शामिल है जबकि टी20 में उन्होंने 595 बनाए हैं।

भारत में हुए आईसीसी वनडे विश्व कप के बाद से ही पाकिस्तान क्रिकेट टीम में उथल पुथल मची हुई है। टूर्नामेंट के बीच में इंजमाम उल हक ने चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद टीम के निराशाजनक खेल के बाद बाबर ने भी कप्तानी छोड़ दी और शान मसूद को यह जिम्मेदारी दी गई। पाकिस्तान के टूर्नामेंट से बाहर होने के ठीक बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने भी इस्तीफा दे दिया था। इस तरह पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मैनेजमेंट को पूरी तरह से बदल दिया गया है।

## भारत और साउथ अफ्रीका सीरीज 2023-24 का पूरा शेड्यूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है और साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट का शेड्यूल भी जारी हो चुका है। तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम को अलग–अलग खिलाड़ी लीड करेंगे, क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा सहित कई सीनियर प्लेयरों ने वाइट बॉल सीरीज से आराम मांगा था। रोहित शर्मा टेस्ट की कमान संभालेंगे तो केएल राहुल वनडे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी करने वाले सूर्यकुमार यादव टी–20 में मोर्चा संभालेंगे। दौरे का आगाज 10 दिसंबर को डरबन टी–20 के साथ होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार, 7:30 बजे खेला जाएगा। इसके दूसरा टी–20 12 दिसंबर को गकेबेरहा में है और तीसरा 14 दिसंबर को जोहानिसबर्ग में है। वनडे सीरीज का पहला मैच 17 दिसंबर को जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा, जबकि दूसरा वनडे गकेबेरहा और तीसरा वनडे पार्ल में शेड्यूल है। बॉक्सिंग डे सेंचुरियन और आखिरी टेस्ट केपटाउन में होगा। इसके साथ ही इस दौरे का समापन भी हो जाएगा।

## न्यूज डायरी





### साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम चुनने में हुई सेलेक्टर्स से चूक?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। व्हाइट बॉल सीरीज के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। वनडे में केएल राहुल टीम की बागडोर संभालते हुए नजर आएंगे, तो टी–20 में कमाल सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी। टीम में कई युवा प्लेयर्स को मौका देकर सेलेक्टर्स ने हर किसी को चौंकाया है। हालांकि, वनडे और टी–20 स्क्वॉड में भुवनेश्वर कुमार का नाम ना देकर पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह काफी हैरान हैं। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम का एलान होते ही आरपी सिंह ने अपने एक्स अकाउंट पर भुवनेश्वर कुमार का टीम में नाम ना होने को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, मैं काफी हैरान हूं कि भुवनेश्वर कुमार को साउथ अफ्रीका दौरे के किसी भी व्हाइट बॉल स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। उनको मैंने इस सीजन गेंदबाजी करते हुए काफी नजदीक से देखा है और वह काफी अच्छी सेप और लय में नजर आए हैं। घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में भुवनेश्वर कुमार उत्तर प्रदेश की ओर से खेल रहे हैं। भुवी ने टूर्नामेंट में अब तक खेले तीन मैचों में कुल 8 विकेट अपने नाम किए हैं। भुवनेश्वर बेहतरीन लय में नजर आए हैं।

### हिटमैन रोहित शर्मा ही होंगे टी20 विश्व कप में कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के साउथ अफ्रीका दौरे–2023–24 को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीमों का ऐलान किया है। टी–20, वनडे और टेस्ट सीरीज के अलावा इंटर टीम प्रैक्टिस और भारत–ए टीमों का भी ऐलान किया। रोहित शर्मा विश्व कप 2023 के खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद पहली बार क्रिकेट फील्ड पर दिखेंगे। वह टेस्ट में कप्तानी करेंगे, जबकि वाइट बॉल क्रिकेट सीरीज में वह अपने सीनियर साथी विराट कोहली के साथ बाहर रहेंगे। हालांकि, बीसीसीआई के एक मेल से भविष्य की काफी चीजें साफ हो गईं। सबसे पहले जिस मुद्दे पर सभी की निगाहें थीं वह यह कि क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली टी–20 फॉर्मेट में खेलेंगे... तो बोर्ड के अनुसार, वे खेलेंगे, लेकिन साउथ अफ्रीका दौरे पर आराम करेंगे। वे सिर्फ टेस्ट सीरीज ही खेलेंगे। दरअसल, बोर्ड ने लिखा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा ने वाइट बॉल सीरीज से आराम मांगा है, जबकि वे टेस्ट खेलेंगे। वाइट बॉल सीरीज का मतलब ही हुआ कि वे वनडे और टी–20 दोनों के प्लान का हिस्सा हैं। इससे पहले विश्व कप 2023 के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में मैच के दौरान हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए थे। टखने की चोट ने उन्हें न केवल विश्व कप से बाहर किया, बल्कि ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका सीरीज से भी बाहर रहने को मजबूर कर दिया।

### वेस्टइंडीज के विकेटकीपर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर चौंकाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शेन डॉरिच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है। डॉरिच को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए कैरेबियाई टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस लिया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार को शेन डॉरिच के संन्यास की घोषणा की। शेन डॉरिच को इस महीने वेस्टइंडीज स्क्वाड में शामिल किया गया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट तीन साल पहले जबकि आखिरी वनडे चार साल पहले खेला था। डॉरिच ने अपना टेस्ट डेब्यू 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था और 35 टेस्ट में देश का प्रतिनिधित्व किया। डॉरिच ने एकमात्र वनडे 2019 में खेला था। शेन डॉरिच को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए कैरेबियाई टीम में चुना गया था। मगर उन्होंने अपना नाम वापस लेकर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। डॉरिच ने अपना आखिरी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ दिसंबर 2020 में खेला था। 32 साल के डॉरिच ने 35 टेस्ट में 1570 रन बनाए और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 125 रन है। विकेटकीपर के रूप में उन्होंने 85 कैच और पांच स्टंपिंग की। क्रिकेट वेस्टइंडीज के क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉंब ने कहा, हम शेन को वेस्टइंडीज के लिए दिए योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं।

पेज थ्री देहरादून

एफआरआई में तैयारियों का जायजा लेते हुए मुख्य सचिव।

देहरादून, शनिवार, 2 दिसंबर 2023

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### आईसीएफआरई की पहली महिला महानिदेशक बनी आईएफएस कंचन

**संवाददाता** देहरादून। मध्य प्रदेश कैडर की 1991 बैच की भारतीय वन सेवा अधिकारी कंचन देवी को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह परिषद पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक अग्रणी परिषद है। कंचन देवी इस पद पर नियुक्त पहली महिला भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। कंचन देवी को मध्य प्रदेश राज्य सरकार और भारत सरकार में वन प्रबंधन, वन प्रशासन, शिक्षा, मानव संसाधन विकास और अनुसंधान एवं विस्तार सहित वानिकी के विभिन्न क्षेत्रों में 30 वर्षों से अधिक कार्य करने का अनुभव है।

### डीजीपी की ताजपोशी के एक दिन बाद भेजा पैनल

**संवाददाता** देहरादून। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की ताजपोशी के एक दिन बाद, प्रदेश सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी तय करने के लिए अर्ह अधिकारियों का पैनल संघ लोक सेवा आयोग को भेज दिया है। इसमें डीजीपी अभिनव कुमार के साथ ही सभी एडीजी के नाम शामिल हैं। प्रदेश के निवर्तमान डीजीपी अशोक कुमार बीते गुरुवार 30 नवंबर का ही सेवा निवृत्त हुए हैं। तय प्रक्रिया के मुताबिक इससे पहले सरकार को डीजीपी तय करने के लिए पैनल बनाकर संघ लोक सेवा आयोग के पास भेजना था। लेकिन इस मामले में सरकार ने पैनल भेजने से पहले कार्यवाहक डीजीपी की तैनाती करना बेहतर समझा, इसी क्रम में वरिष्ठ आईपीएस अभिनव कुमार 30 नवंबर को पुलिस विभाग की कमान संभाल चुके हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए बनाये विधानसभा संयोजक

**संवाददाता** देहरादून। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को तेज करने के लिए भाजपा ने यात्रा के विधानसभा संयोजक नियुक्त किए हैं। जिला संयोजक भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष रतन सिंह चौहान ने बताया कि यात्रा के प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्षों की सहमति से जिले की सभी 10 विधानसभा के संयोजक नियुक्त बनाए गए हैं।

### अमेजॉनियन मधु बाला शर्मा ने अपनी दिव्यांगता को बनाया अपनी ताकत

**संवाददाता** देहरादून। शारीरिक अक्षमताओं को अपनी कमजोरी न समझते हुए, दृढ़ संकल्प वाले लोग अपने जीवन के लक्ष्य को पाने और अपने लिए बेहतर जीवन बनाने की कोशिश जारी रखते हुए एक न एक दिन कामयाबी के शिखर पर पहुंच ही जाते है। अपनी हिम्मत और जज्बे से, वे दूसरों को अपेक्षाओं को छोड़, सफलता के लिए अपना रास्ता खुद बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# विकास की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रही राज्य सरकार: सीएम

**समारोह**

- सीएम ने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह की सभी को दी शुभाकामना
- विश्वविद्यालय स्वर्गीय हेमवती नन्दन बहुगुणा की विकासवादी सोच का है परिणाम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्व विद्यालय, श्रीनगर के स्थापना दिवस और स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह की सभी को शुभाकामना दी। उन्होंने हिमालय पुत्र स्वर्गीय हेमवती नन्दन बहुगुणा का स्मरण करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय उनकी विकासवादी सोच का परिणाम है। विश्वविद्यालय पिछले पांच दशकों से स्व. श्री बहुगुणा जी के विकास के सपने को साकार करने हेतु प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पचास वर्षों से विश्वविद्यालय अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहा है, इसी का परिणाम है कि 2009 में इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह




विश्वविद्यालय शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित किए गए विभिन्न रिकॉर्ड विश्वविद्यालय के कुशल नेतृत्व और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को कृषि, मोटे अनाज के उत्पादन, पर्यावरण, आर्थिकी, संस्कृति, स्थानीय भाषा, के क्षेत्र में कुशल एवं जागरूक भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रयास कुछ मामलों में अत्यंत विशेष हैं। लगभग 13 हजार फुट की ऊँचाई पर स्थित तुंगनाथ में यह विश्वविद्यालय अपने अथक प्रयासों से एक शोध विस्तारण केन्द्र को संचालित कर रहा है, जिसके अन्तर्गत उच्च हिमालयी दुर्लभ प्रजाति के अनेक औषधीय तथा सगंध पादपों पर शोध किया जाता है। यह कार्य शोध, आयुर्वेद एवं चिकित्सा के साथ ही यहां की आर्थिकी के विकास में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

देहरादून में सांइस सिटी का निर्माण, हल्द्वानी में देश के पहले एस्ट्रो पार्क का निर्माण, अल्मोड़ा में सांइस सेंटर का निर्माण इसके कुछ विशिष्ट उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से विधायक विनोद कण्डारी, कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्व विद्यालय, प्रो.अन्नपूर्णा नौटियाल, निदेशक जी. बी.पन्त राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान प्रो. सुनील नौटियाल, कुलपति नार्थ ईस्ट सेंट्रल वि.वि. डॉ. प्रभा शंकर शुक्ला एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### डबल इंजन की सरकार निरंतर कर रही कार्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने अपने विशिष्ट प्रयासों से जनसामान्य के लिए इस क्षेत्र की धरोहरों को संग्रहित, संरक्षित एवं प्रदर्शित करने के उद्देश से एक पुरातात्विक संग्रहालय की स्थापना भी की है, यह अत्यंत सराहनीय कार्य है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व न केवल हमारी शक्ति और ज्ञान परंपरा से परिचित हो रहा है बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में हमारा अनुसरण करने को भी तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक भारत–श्रेष्ठ भारत" के स्वप्न को साकार करने हेतु उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

# घोटालो को छुपाने के लिए राज्य सरकार ने टाले चुनाव

**आरोप**

■आप के रविंद्र सिंह आनंद ने मेयर सुनील उनियाल गामा के कार्यकाल पर किए सवाल खड़े

**संवाददाता**

देहरादून। आज आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर राज्य सरकार द्वारा नगर निगम एवं नगर पालिका के चुनाव टालने का मुख्य कारण घपले–घोटाले बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नगर पालिका एवं नगर निगम में घपले घोटाले हुए और बोर्ड की बैठकों में अपने करीबियों को काम दिलाने के चलते जिस प्रकार से बोर्ड के झगड़े मीडिया



के माध्यम से सार्वजनिक हुए उसके डर से राज्य सरकार ने चुनाव को टालना ही उचित समझा क्योंकि राज्य सरकार यह जानती थी कि यदि चुनाव समय पर कराए तो नगर निगम में बड़ी हार होगी।

उन्होंने देहरादून का उदाहरण देते हुए कहा कि देहरादून मेयर सुनील उनियाल गामा के कार्यकाल पर सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि नगर एवं वार्डों के विकास कार्यों की आड़ में मेयर सुनील उनियाल गामा हमेशा विवाद में रहे और उनके कार्यकाल में घपले घोटाले होते रहे साथ ही उनका कार्यकाल जनता के लिए निराशाजनक रहा। उन्होंने स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से किये जा रहे कार्यों पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए उसमें घपला होने की बात कही उन्होंने कहा कि मेयर सुनील उनियाल गामा पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप एवं आय से अधिक संपत्ति के आरोप लगाते रहे परंतु उन्होंने कभी भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक नहीं किया और ना ही पिछले चार–पांच वर्षों में उनकी संपत्ति में करोड़ों का इजाफा होने पर कोई प्रमाण ही पेश किये।

उन्होंने कहा नगर निगम में वेस्ट मैनेजमेंट हेतु जिस प्रकार ट्रैक्टर ट्रालियों के टेंडर में सांठगाठ की गई वो किसी से छुपी नहीं है उन्होंने कहा मेयर का कार्य होता है नगर की साफ सफाई एवं विकास कार्य करना यहां तो गामा जी ने जनहित को छोड़ अपना ही विकास कर डाला।

### मुख्य सचिव ने एफआरआई में तैयारियों का जायजा लिया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन एस. एस. संधू ने एफआरआई परिसर पंहुचकर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि गणों के आवागमन हेतु रूट प्लान एव कार्यक्रम परिसर में स्थापित हो रही सिटिंग व्यवस्था, जलपान, भोजन, पार्किंग स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्ण कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि आवागमन रूट सहित समस्त व्यवस्थाओं को सुगम बनाया जाए। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ले आउट के अनुरूप सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। कहा कि सुरक्षा मानको के दृष्टिगत तथा प्रोटोकॉल के अनुरूप इवेंट से संबंधित लेआउट प्लान, इंटरनल व एक्सटर्नल प्लान, मूवमेंट प्लान, फूड कोर्ट, इनॉग्रेशन हॉल आदि को सुव्यवस्थित रूप से स्थापित करें।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।